गंगाधर मैठाणी राजकीय महाविद्यालय गुप्तकाशी (विद्यापीठ) एवं कर्नाटक राज्य के गुलबर्गा जिले के **Govt. First Grade College Kamlapur & Govt. Degree College (Autonomous)Kalaburgi.** द्वारा क्रियान्वित EBSB कार्यक्रम का विवरणः–

दिनांकः–

12.02.2020(9:15PM) डॉ0 आजाद सिंह प्राध्यापक समाज शास्त्र द्वारा EBSB दल कर्नाटक का हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर स्वागत।

13.02.2020(1:00 PM) टीम कर्नाटक का स्वागत एंव महाविद्यालय (गुप्तकाशी, विद्यापीठ) में स्वागत।

14.02.2020(10:30 AM) EBSB दल कर्नाटक एंव महाविद्यालय छात्र/छात्राओं को EBSB कार्यक्रम की महाविद्यालय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

14.02.2020(12:00 PM) EBSB दल गुप्तकाशी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम ।

14.02.2020(1:30 PM) EBSB दल कर्नाटक द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम ।

14.02.2020(02:30 PM) EBSB माध्यहन भोजन।

14.02.2020(04:30 PM) EBSB दल कर्नाटक का कालीमठ (सिद्ध पीठ) भ्रमण।

14.02.2020(07:30 PM) EBSB रात्रि भोजन। (कर्नाटक EBSB दल द्वारा कर्नाटक राज्य के व्यंजनों को EBSB दल गुप्तकाशी को बनाकर खिलाया गया)।

14.02.2020(08:30 AM) स्थानीय महाविद्यालय छात्र/छात्राओं एवं EBSB कर्नाटक दल का परस्पर आपसी संवाद।

15.02.2020(09:30 AM) दल का त्रियुगीनारायण भ्रमण (शिव – पार्वती विवाह स्थल) – द्वारा मन्दिर परिसर में सांस्कृतिक (शिव भजन) कार्यक्रम ।

15.02.2020(02:00 PM) माध्यहनभोजन।

15.02.2020(03:00 PM) त्रियुगीनारायण गॉव का भ्रमण एवं स्थानीय ग्रामीणों के रहन – सहन/खान–पान/दिनचर्या/शिक्षा/आर्थिकी पर चर्चा।

15.02.2020(07:30 PM) रात्रि भोजन।

15.02.2020(08:30 PM) स्थानीय ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम।

16.02.2020(09:30 AM) EBSB दल का चोपता (बनियॉकुण्ड) भ्रमण।

16.02.2020(02:30 PM) माध्यहनभोजन।

16.02.2020(3:00 – 4:00 PM) क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य (वर्तमान एवं पूर्व) एवं स्थानीय प्रधान (तीनों महिलाऐं) से स्थानीय समाज में महिलाओं की आर्थिकी/सामाजिक

18/2/2020

Scanned by CamScanner

स्तर/राजनीतिक स्तर/आरक्षण की स्थिति एवं परिवार में महिलाओं की भूमिका विषय पर चर्चा।

16.02.2020(07:30 PM) रात्रि भोजन। (EBSB गुप्तकाशी, विद्यापीठ द्वारा स्थानीय व्यंजनों को EBSB कर्नाटक दल को खिलाया गया।)

16.02.2020(08:30 PM) स्थानीय ग्रामीणों द्वारा तैयार किये गये उत्पादों (स्वीटर/कपड़े) का निरीक्षण।

17.02.2020(09:30 AM) ऊखीमठ भ्रमण (ओंकारेश्वर मन्दिर परिसर) एवं ऊखीमठ की विस्तृत जानकारी (कन्नड भाषा में)।

17.02.2020(12:30 PM) युवा कल्याण विभाग की जनपदीय टीम के साथ दल का परस्पर संवाद।

17.02.2020(02:00 PM) माध्यह्न भोजन।

17.02.2020(04:30 PM) गुप्तकाशी गांव (स्थानीय बस्ती) का भ्रमण एवं ग्रामीणों से परस्पर संवाद।

17.02.2020(06:00 PM) विश्वनाथ मन्दिर (गुप्तकाशी शिव मन्दिर) भ्रमण।

17.02.2020(07:00 PM) Exit Meeting / Farewell (विदाई कार्यक्रम)(छात्रा छात्राओं/प्राध्यापकों द्वारा अपने अनुभवों पर परस्पर संवाद)

17.02.2020(8:00 PM) रात्रि भोजन।

18.02.2020(6:30 AM) EBSB टीम का प्रस्थान,

18/02/2020
(Dr P S Jangwan)
Principal
Govt Degree College
Guptakashi (Vidhyapeeth)
Rudraprayag

Scanned by CamScanner

## ''एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम'' विवरण (उत्तराखण्ड एवं कर्नाटक)

## गंगाधर मैठाणी राजकीय महाविद्यालय गुप्तकाशी (रूद्रप्रयाग) उत्तराखण्ड।

## एवं राजकीय महाविद्यालय कमलापुर,राजकीय महाविद्यालय कलबुर्गी (गुलबर्गा) कर्नाटक।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा निर्देशित पॉच दिवसीय (दिनांक 13 फरवरी से 17 फरवरी 2020) ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। भारत की विचारधारा ''अनेकता में एकता'' को सफलीकृत करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन गया। कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन गंगाधर मैठाणी राजकीय महाविद्यालय गुप्तकाशी (विद्यापीठ) द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में कर्नाटक राज्य के गुलबर्गा जिले के दो महाविद्यालयों (कमलापुर और कलबुर्गी) के छह अध्यापकों सहित पचास छात्र – छात्राओं का आगमन हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन उदेश्य आत्मसात् करते हुए दोनों राज्यों के छात्र–छात्राओं,अध्यापकों के मध्य परस्पर सांस्कृतिक,सामाजिक,वैचारिक एवं शैक्षणिक विचारधाराओं को प्रयोगात्मक रूप में आदान–प्रदान किया गया। इस पॉच दिससीय कार्यक्रम में कर्नाटक राज्य के छात्रों ने उत्तराखण्ड की सभ्यता,संस्कृति,परम्परा, खान–पान और उत्तराखण्ड के भौगोलिक परिवेश को प्रत्यक्ष रूप से देखा तथा उसको आत्मसात् किया। इसी क्रम में कर्नाटक राज्य के छात्रों ने भी अपने राज्य के सांस्कृतिक कार्यक्रमों,वेशभूषा,राज्य की जानकारी खान–पान का प्रत्यक्ष परिचयः क्रियान्वित किया,कर्नाटक राज्य के छात्रों ने गीत एवं नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम में कर्नाटक राज्य के छात्रों में अपने वाद्य यन्त्रों का परिचय दिया तथा उनको बजाकर प्रस्तुति भी दी, कर्नाटक के छात्रों ने अपने वसन्तोत्सव स्वागत नृत्य की भी प्रस्तुति दी, कर्नाटकीय सभ्यता व संस्कृति के गीत एवं नृत्य रूपी कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। गुप्तकाशी, (विद्यापीठ) महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भी उत्तराखण्ड का परिचय, महाविद्यालय परिचय, क्षेत्रीय सभ्यता, संस्कृति, मठ–मन्दिरों एवं दर्शनीय स्थलों के बारे में उनको बताया एवं क्रमशः छात्र–छात्राओं ने उत्तराखण्ड लोक–गीत,नृत्य,वेश–भूषा का प्रस्तुतीकरण किया। 15 फरवरी को EBSB कर्नाटक तथा EBSB गुप्तकाशी की टीम ने त्रियुगीनारायण में जाकर मन्दिर प्रांगण के दर्शन तथा वहॉ के इतिहास को जाना तथा दोनों राज्यों की टीमों ने अपनी भाषाओं में प्रांगण में भजनो की प्रस्तुति की, दोनों टीमों ने नजदीकी गॉव त्रियुगीनारायण का भ्रमण किया। EBSB टीम कर्नाटक द्वारा सायंकालीन समय में नारायण कोटी मन्दिर व गॉव का भ्रमण किया गया, EBSB टीम कर्नाटक ने ग्रामीणों के खान–पान, रहन–सहन,दिनचर्या,शिक्षा, एवं स्थानीय आर्थिकी स्थिति की जानकारी प्राप्त की, EBSB टीम कर्नाटक ने 16 फरवरी को चोपता, बनियाकुण्ड क्षेत्र का भ्रमण किया, EBSB कार्यक्रम के अन्तर्गत कर्नाटक राज्य से आए हुए बहुत से छात्रों ने जो अधिकतर आर्थिक रूप से पिछडे हुए थे। कमलापुर महाविद्यालय (कर्नाटक) एक जनजातीय छात्रों की जनसंख्या वाला क्षेत्र है। सभी छात्रों में से अधिकतर छात्रों ने बनियाकुण्ड में प्रथम बार बर्फ एवं इस प्रकार की प्राकृतिक सौन्दर्य छठा का आनन्द लिया। साथ ही बनियाकुण्ड में ही EBSB टीम कर्नाटक द्वारा क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य (वर्तमान व

15/2/2020

Scanned by CamScanner

पूर्व) स्थानीय तीन महिला प्रधानों से सामाजिक/आर्थिक/राजनीतिक एवं आरक्षण की स्थिति एवं परिवार मे महिलाओं की भूमिका विषय पर चर्चा की गई, सांयकालीन समय में EBSB टीम कर्नाटक द्वारा क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा तैयार उत्पादों स्वेटर/कपड़े आदि का निरीक्षण किया गया, तथा टीम ने स्थानीय भोजन चौंसा,राई की सब्जी, कोदे (मंडवे) की रोटी, आदि स्थानीय व्यंजनों का आनन्द लिया, 17 फरवरी को टीम द्वारा ऊखीमठ मन्दिर का भ्रमण किया गया तथा टीम को कन्नड़ भाषा में क्षेत्र के सम्पूर्ण इतिहास जैसे – पंच केदार, पंच बदरी, पंच प्रयाग, गुप्तकाशी, ऊखीमठ, त्रियुगीनारायण का इतिहास बताया गया। साथ ही टीम का युवा कल्याण विभाग की टीम के साथ परस्पर संवाद भी हुआ। तत्पश्चात गुप्तकाशी मन्दिर का भ्रमण व दर्शन किया। सांयकालीन समय में EBSB टीम कर्नाटक तथा EBSB टीम गुप्तकाशी ने अपने – अपने अनुभवों का परस्पर आदान–प्रदान किया तथा EBSB टीम कर्नाटक को नम आंखों से स्मृति चिह्न देकर भावभीनी विदाई दी गई। EBSB टीम कर्नाटक 18 फरवरी को नियत कार्यक्रम के तहत अपने राज्य के लिए प्रातः कालीन समय में प्रस्थान कर गई।

19/02/2020

प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय गुप्तकाशी,
(विद्यापीठ), रूद्रप्रयाग ।

Scanned by CamScanner